हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

13 फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी नहर में दरार, दर्जनों एकड़...



14 टोहाना में जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह



## खबर संक्षेप

### करवा चौथ मेहंदी उत्सव 9 अक्टूबर को

**फतेहाबाद।** केशव माधव सेवा ट्रस्ट एवं महिला समन्वय कार्य फतेहाबाद द्वारा 9 अक्टूबर को करवा चौथ मेहंदी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सामूहिक मेहंदी लगाने के इस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। 9 अक्टूबर वीरवार को प्रातः 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा जोकि शाम 7 बजे तक चलेगा। यह जानकारी देते हुए महिला समन्वय कार्य प्रमुख ज्योत्सना बिश्नोई व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फतेहाबाद के मा. नगर संघचालक राहुल गोयल ने बताया कि यह कार्यक्रम फतेहाबाद में दो जगह पर होगा।

### जिला स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता कल

**फतेहाबाद।** जिला साइक्लिंग एसोसिएशन की ओर से जिला स्तर की सीनियर, जूनियर व सब जूनियर महिला व पुरुष वर्ग की साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन 9 अक्टूबर को होगा। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव सुनील पूनिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता 9 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे भुना रोड फतेहाबाद में करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 9 अक्टूबर को अपने 2 फोटो, आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति लेकर पहुंचे।

### युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एएनसी सेल फतेहाबाद की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 7.10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। एएनसी सेल प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि एएनसी टीम एएसआई रामअवतार के नेतृत्व में हिजरांवा कलां रोड पर नाकाबंदी ड्यूटी पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 9 को

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलवाने के लिए 9 अक्टूबर को जिला रोजगार कार्यालय के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में भाग लेने हेतू प्रार्थी हरियाणा के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। प्रार्थी की योग्यता 10वीं पास से लेकर स्नातक होनी चाहिए।

### हेरोइन तस्करी के मुख्य सप्लायर को किया काबू

**फतेहाबाद।** हेरोइन तस्करी प्रकरण में थाना जाखल पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान विजय कुमार पुत्र गांधी राम निवासी वार्ड नं. 8, गुरुद्वारा बस्ती, जाखल के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.85 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि 12 जुलाई को एएसआई निर्मल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम रेलवे स्टेशन जाखल क्षेत्र में गश्त और नशा नियंत्रण के लिए नाकाबंदी पर थी इसी दौरान कार्रवाई की।

### हेल्थ चेकअप कैंप में 175 की हुई जांच

**सिरसा।** सिरसा क्लब में हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया जिसका शुभारंभ क्लब के सचिव राजेश गोयल ने किया। परियोजना अध्यक्ष रामकृष्ण गोयल ने बताया कि इस कैंप में मेदांता अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अनिल सक्सेना व डॉ. ठाकुर ने 175 मरीजों की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी टेस्ट, फेफड़ों व हड्डियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इस दौरान डॉ. ठाकुर ने उपस्थितजनों व मरीजों को हृदय रोगों के कारण व उनके निवारण के उपाय भी बताए।

## मौसम में बदलाव से ठंड का आगाज

# दूसरे दिन भी बरसे मेघा, शेड व रेंप टूटने के बाद दुकानों में घुसा पानी

**दुकानदारों को हजारों का नुकसान, ठेकेदार पर आरोप**





हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद/रतिया

मंगलवॉर दोपहर बाद क्षेत्र में हुई तेज बरसात के चलते शहर मे हर जगह जलजमाव हो गया। मंडियों मे धान की फ़सल भीग गयी, खेतो मे फसल बिछ गयी। वही तापमान मे गिरावट से सर्दी का आगाज हो गया। रतिया मे नगरपालिका की लापरवाही के कारण शहर के सभी मुख्य बाजारों में दुकानों में बरसाती पानी घुस गया और दुकानदारों को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं पानी निकासी ना होने के चलते कई मकानों में भी पानी घुस गया दुकानदारों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली के प्रति कड़ा रोष व्यक्त किया। पुराना बस स्टैंड के दुकानदारों पाल, अशोक, धर्मपाल, जिमी, सुभाष सहित अन्यों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा गत दिनों पीले पंजे का दर्द दिखा कर दुकानदारों के शेड उतरवा दिए लेकिन शेड न होने के कारण मंगलवार को हुई बरसात से बरसाती पानी सीधा उनकी दुकानों के अंदर घुस गया वही दुकानदारों ने बताया कि करीबन 70 लाख रुपए की लागत से बरसाती नाले के निर्माण के लिए ठेकेदार को वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया दुकानदारों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार द्वारा मात्र 100 फुट नाला बनाकर अपने कार्य की इति श्री कर ली गई जिसको लेकर नगर पालिका अधिकारियों द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं की गई। और ना ही बरसात के मौसम को देखते हुए बरसाती नाले का निर्माण करवाया गया और जब भी बरसात आई है दुकानों में बरसाती पानी घुस जाता है।

### किसानों की बढ़ाई चिंता

*क्षेत्र में मंगलवार को दूसरे करीब दो घंटे तक हुई बरसात के कारण जहां शहर में अनेक निचले स्थान पर पानी जमा होकर रह गया। वहीं बरसात ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि इस समय धान की फसल पकने को तैयार और धान की अगेती फसल की कटाई का कार्य पिछले कुछ दिनों से चल रहा है। बरसात के कारण खेतों में फसल की कटाई के लिए चल रही मशीनें बंद हो हैं और मंडी में पड़ी धाम की फसल भीग गई।। बरसात के कारण शहर के मुख्य चौक भगत सिंह चौक में सड़कों पर पानी जमा होकर रह गया था जिस कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। लोगों का मानना है कि प्रशासन को सड़कें बनाने से पहले शहर के मुख्य चौक से बरसाती पानी की निकासी का प्रबंध किया जाना चाहिए था। लोगों का कहना है कि थोड़ी सी बरसात पडने पर ही शहर के मुख्य चौक पर सिंह चौक में पानी जमा होकर रह जाता है जिस कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी में सड़क झेलनी पड़ती है।*

### अधिकारियों पर लगाया आरोप

*दुकानदारों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका के अधिकारी आंख मूंद कर बैठ जाते हैं और दुकानदारों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है दुकानदारों में कहा कि बरसाती निकासी नाले का निर्माण बरसात के सीजन के दौरान ही किया जाता तो अच्छा रहता लेकिन अब तो बरसात का सीजन भी निकल गया है अब नाले के निर्माण का कोई फायदा नहीं है इसलिए नगर पालिका को ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए निकासी नाली का टेंडर रद्द कर देना चाहिए और ठेकेदार की सिक्योरिटी राशि भी जप्त कर उसे ब्लैक लिस्ट कर देना चाहिए। इस बारे में जब नगर पालिका के सचिव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बात की जांच करवाई जाएगी कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय अवधि के दौरान बरसाती नाले का निर्माण क्यों नहीं किया गया और इसके लिए पालिका अभियंता को निर्देश दे दिए गए हैं।*

## बरसात से अनाज मंडियों में खुले में पड़ा धान भीगा

**सिरसा।** जिला में मंगलवार बाद दोपहर हुई बरसात से मंडियों में पड़ा हजारों क्विंटल धान भीग गया है। किसानों का कहना है कि किसान तेजी से अपनी फसल काटकर मंडी में ला रहे हैं लेकिन मंडियों में अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। बरसात के कारण जिले की कालांवाली मंडी सहित कुछेक अन्य मंडियों में धान की खरीद नहीं हुई। किसानों ने बताया कि कालांवाली की अतिरिक्त मंडी में खुले में पड़ा हजारों किवंटल धान भीग गया। उल्लेखनीय है कि कालांवाली अनाज मंडी में अब तक करीब 40 हजार क्विंटल धान की आवक हो चुकी है। जिसमें 18 हजार क्विंटल धान की खरीद हुई है। मात्र 3700 क्विंटल धान का उठान हुआ है। इसके चलते खुले आसमान तले पड़ा हजारों क्विंटल धान मंडी में भीगने से किसान मजदूर और व्यापारियों को नुकसान हुआ है। उधर, डबवाली के तहसीलदार ने मंगलवार को क्षेत्र के गांवों बरसात से खराब हुई फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों ने तहसीलदार को बताया कि दो दिन पूर्व तेज आंधी के साथ हुई बरसात से फसलें खराब हो गई हैं, इसका किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए। किसान नेता राकेश फोगडिय़ा ने बताया कि तहसीलदार ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और बरसात से खराब हुई फसलों का जायजा लिया। किसानों ने बताया कि धान की फसल जमीन पर बिछ गई है और इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। किसानों ने कहा कि नरमा-कपास पहले ही खराब हो चुका है और अब बची हुई धान की फसल भी बरसात व आंधी की भेंट चढ गई है।

## टोहाना : भीगे धान को लेकर मार्केट कमेटी ने खरीद एजेंसियों को किए नोटिस जारी



**टोहाना।** अनाज मंडी में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण खरीदी गई धान की फसल भीग रही है। इस स्थिति को देखते हुए मार्केट कमेटी सचिव संदीप गर्ग ने खरीद एजेंसियों, हैफेड और वेयरहाउस, को नोटिस जारी किया है। मंडी में किसानों से धान की खरीद तो की जा चुकी है, लेकिन बोरियों में पड़ा धान उठान धीमा होने के कारण बारिश में खराब हो रहा है। सचिव द्वारा खरीद एजेंसियों द्वारा लिफ्टिंग की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की गई है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि धान को बारिश से बचाने के लिए दोनों खरीद एजेंसियों को उठान की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुचारू रूप से चल रही है।

## कमीशन में कटौती पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

दि सिरसा को-ऑप्रेटिव मार्केटिंग कम प्रोसैसिंग सोसाइटी लि. से जुड़ी सोसायटियों के संचालकों ने हैफेड प्रबंधन द्वारा समितियों के कमीशन में की गई मनमानी कटौती एवं अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को रोष जाहिर किया और जिला प्रबंधक, हैफेड सिरसा को एक ज्ञापन सौंपा। चेयरमैन रोहताश पूनियां, सीएमएस निर्देशक जगदीश सिंवर, सूरजाराम, कर्मचारी सतबीर, संजय बैनीवाल व सोसायटी सदस्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि हैफेंड प्रबंधन द्वारा हाल ही में समितियों के कमीशन की दरों में की गई कटौती से पूरे प्रदेश की सहकारी समितियों के संचालकों व कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है।



**सिरसा।** कमीशन में की गई कटौती पर धरना देते सोसायटियों के संचालक।

### मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

संचालकों व कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते इन मांगों पर विचार नहीं किया गया तो यूनियन को आंदोलन/हड़ताल करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी हैफेड प्रबंधन की होगी। चेयरमैन रोहताश पूनियां ने बताया कि धान खरीद कमीशन की दर को एमएसपी पर 0.25 प्रतिशत से घटाकर 1.33 प्रति क्विंटल करने के आदेश को तुरंत रद्द किया जाए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंची पुरानी एक्सरे मशीन

- भट्टू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 वर्षों से एक्सरे मशीन की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

भट्टूकलां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हाल ही में एक पुरानी एक्सरे मशीन फतेहाबाद के सिविल अस्पताल से भेजी गई है। हालांकि, यह मशीन न केवल पुरानी है, बल्कि इसके संचालन के लिए कोई प्रशिक्षित ऑपरेटर भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यह मशीन भी पिछली बार की तरह शोपीस बनकर बंद कमरे में धूल फांकने को मजबूर हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार, फतेहाबाद सिविल अस्पताल में पहले से लगी हुई एक्सरे मशीन को वहां से हटाकर भट्टूकलां भेजा गया है, क्योंकि 10 अक्टूबर को फतेहाबाद में नई डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन किया जाना है। लेकिन भट्टू कलां को दी गई मशीन के साथ न तो कोई तकनीकी स्टाफ भेजा गया है और न ही इसकी कार्यक्षमता को लेकर कोई जानकारी साझा की गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लगभग 15-20 वर्ष पहले भी यहां एक्सरे मशीन लगाई गई थी, लेकिन वह भी बिना ऑपरेटर और देखरेख के चलते एक शोपीस बनकर रह गई थी। अब एक बार फिर वैसी ही स्थिति सामने आती दिख रही है।



**भट्टूकलां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भेजी गई पुरानी एक्स-रे मशीन।

### सुविधाओं के नाम पर केवल औपचारिकताएं

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि यह उनके दुर्भाग्य की बात है कि स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर उन्हें केवल औपचारिकताएं ही नसीब हो रही हैं। अगर समय रहते प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं की गई, तो यह महंगी मशीन भी धीरे-धीरे खराब होकर अनुपयोगी हो जाएगी। इस समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को भी अवगत करवाने की योजना बनाई जा रही है। लोगों की मांग है कि भट्टूकलां जैसे ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाए और ऐसी योजनाओं को सिर्फ कागजों तक सीमित न रखा जाए।

## हेरोइन तस्करी में मुख्य सप्लायर को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**आरोपी के कब्जे से 5.31 ग्राम हेरोइन बरामद**

थाना सदर रतिया पुलिस ने हेरोइन तस्करी प्रकरण के मुख्य सप्लायर रणदीप सिंह उर्फ ममना पुत्र जन्ता सिंह निवासी नांगल को काबू कर लिया है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले इसी मामले में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.31 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व कार्रवाई के दौरान सहायक उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव सरदारेवाला क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से 5.31 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। गिरफ्तार तस्करों की पहचान गुरप्रीत सिंह व इकबाल सिंह के रूप में हुई।

## चूरापोस्त सहित युवक गिरफ्तार

- शक के आधार पर ली तलाशी, 5 किलो 440 ग्राम चूरापोस्त बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान ऐलनाबाद रोड पर नहर पुलिया के समीप से एक युवक को 5 किलो 440 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि एएसआई सतबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव भंभूर से ऐलनाबाद रोड पर नहर पुलिया के पास पहुंची, तो एक युवक पुलिस को देखकर घबराकर पीछे मुड़ गया। शक के आधार पर पुलिस ने उसे काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 5 किलो 440 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।



**सिरसा।** पुलिस गिरफ्त में चूरापोस्त तस्कर। *फोटो: हरिभूमि*

### मामला दर्ज

*आरोपी की पहचान सुखदेव सिंह उर्फ सुखा पुत्र जंगीर सिंह निवासी वार्ड नंबर 28 रानियां चुंगी, बाजीगर मोहल्ला सिरसा के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ सदर थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।*

**रंगोई नाले के पास दिया वारदात को अंजाम**

## हत्या करने के मामले में एक और युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

रंगोई नाले के पास युवक पर हमला कर उसकी हत्या करने के मामले में सदर रतिया पुलिस ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान नरेंद्र उर्फ राजू पुत्र मंगत सिंह निवासी सिकंदरपुर, जिला सिरसा के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि यह मामला 31 अगस्त को दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता जसबंत सिंह पुत्र तेजा सिंह निवासी पनिहारी, जिला सिरसा ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया था कि उसका भाई 30 अगस्त को वह अपनी बुआ के घर गांव पांडरी आया हुआ था। जब वह अपने साथी हरविंदर सिंह के साथ घर लौट रहा था, तो गांव सहनाल और गुरुसर के बीच रंगोई नाले के पास चार युवकों ने उन पर हमला कर दिया।

**राहत** 60 लाख रुपये खर्च की लागत लगाई मशीन

# फतेहाबाद सिविल अस्पताल में एक्स-रे के लिए मरीजों को नहीं करना होगा इंतजार

**रोजाना 700 से 900 तक की होती ओपीडी, मरीजों को मिलेगा फायदा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद के जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों को अब एक्स-रे के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 60 लाख रुपये खर्च की नागरिक अस्पताल में नई एक्स-रे मशीन लगाई गई है। इस मशीन से मात्र 5 मिनट में एक्स-रे तैयार हो जाएगा। समय की बचत होगी। यह मशीन 24 घंटे काम करेगी। यानी अब सरकारी अस्पताल में किसी भी समय एक्स-रे किया जा सकेगा। यहां से पुरानी एक्स-रे मशीन को भट्टूकलां के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भेजा गया है। पुरानी एक्स-रे मशीन से एक एक्स-रे करने में 15 से 20 मिनट का समय लगता था। अब हेल्थ डिपार्टमेंट ने यह नई मशीन भेजी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ऐसी मशीन शहर में प्राइवेट अस्पतालों के पास भी नहीं है। इस मशीन पर शिफ्ट वाइज कर्मचारी तैनात किए जाएंगे, जो 24 घंटे एक्स-रे तैयार करेंगे। सिविल अस्पताल में रोजाना 700 से 900 तक की ओपीडी होती है। अधिकारियों के मुताबिक, पहले 200 से 250 एक्स-रे ही हो पाते थे। मगर अब नई मशीन की कोई लिमिट नहीं है। इससे जरूरत के अनुसार जितने चाहे, उतने एक्स-रे किए जा सकेंगे। अगर किसी मरीज का रात के समय भी एक्स-रे करवाना है, तो किए जा सकेंगे।

### लगातार बढ़ रही सुविधाएं : एसएमओ

*नागरिक अस्पताल में लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। अस्पताल का सौंदर्यीकरण करवाया गया है। अब नई एक्स-रे मशीन स्थापित कर दी गई है। इससे एक्स-रे करवाने की सुविधा और बेहतर होगी। समय कम लगेगा और ज्यादा संख्या में एक्स-रे हो सकेंगे। -डॉ. बुधराम, एसएमओ*

### सबसे पहले कटवानी होनी पर्ची

एक्स-रे करवाने के लिए सबसे पहले सिविल अस्पताल पहुंचकर रजिस्ट्रेशन काउंटर से पर्ची कटवानी होगी। 5 रुपए के भुगतान के बाद पर्ची मिलेगी। फिर संबंधित डॉक्टर के कक्ष जाना होगा। डॉक्टर चेक करने के बाद तय करेंगे कि एक्स-रे की जरूरत या नहीं। डॉक्टर रिकमेंड करते हैं, तो एक्स-रे कक्ष में जाकर पर्ची दिखानी होगी। इसके बाद एक्स-रे होगा।



## दुकान में लगी आग से लाखों का सामान जला, साजिश की आशंका

**टोहाना।** शहर के वार्ड नंबर 23 स्थित इंदिरा कॉलोनी में देर रात छिन्दा थिंद दूध डेयरी की दुकान में आग लग गई। इस घटना में दुकान का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के पास पेट्रोल की खाली बोतलें मिलने से स्थानीय लोगों ने आगजनी की आशंका जताई है। दुकानदार ने बताया कि वह रोजाना की तरह दुकान बंद करके गया था। देर रात उसे दुकान में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उसने देखा कि दुकान से आग की लपटें उठ रही थीं।



# बाहुबलीः द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबलीः द बिगनिंग और बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

लाइफ Style



# नोरा

## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला

# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़




**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।




# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की।। बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुरः द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुरः द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेंटेड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

## टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि



बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए। बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुई नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम



**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।

### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।

### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

*__नई दिल्ली।__ करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

*__झील मेहता और आदित्य दुबे__ : अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन ठगी करने वाला आरोपी काबू

**सिरसा।** थाना शहर सिरसा पुलिस ने साइबर ठगी से संबंधित एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी हनुमान पुत्र राजेन्द्र निवासी गांव चुली कलां जिला हिसार को गिरफ्तार कर किया गया है। शहर थाना प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि 5 अक्तूबर 2025 को शिकायतकर्ता करणदीप सिंह निवासी प्रीत नगर सिरसा ने पुलिस चौकी कीर्ति नगर में शिकायत दी कि वह 'मोबाइल डाउनलोडिंग' नाम से सीएससी आईडी संचालित करता है।

### हथियारों संग फोटो अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव सुल्तानपुर निवासी रविन्द्र के रूप में हुई है। स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस में तैनात मुख्य सिपाही पवन कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले गांव में दहशत फैलाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों संग फोटो अपलोड कर दिया था।

### हेरोइन सहित तीन बाइक सवार काबू

**हिसार।** नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की नशा निरोधक टीम ने चौधरीवास टोल से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को काबू करके उनसे 10.53 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नशा निरोधक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर चौधरीवास टोल से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को काबू किया।

### लाखों की धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी काबू

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने 1 लाख 92 हजार 858 रुपये की धोखाधड़ी मामले में पानीपत के वार्ड नंबर 9 निवासी आरोपी हर्षित व पानीपत के वार्ड नंबर 10 निवासी कपिल व काव्या को गिरफ्तार किया गया है।

थाना साइबर क्राइम में तैनात मुख्य सिपाही सुरेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने सितंबर 2025 में गांव कोथ कलां निवासी मंजीत को पार्ट टाइम जॉब देने के बहाने व टॉस्क पुरा करने के नाम पर 1 लाख 92 हजार 858 रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### 4 घंटे की मशक्कत के बाद किया दुरुस्त

# फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी नहर में दरार, दर्जनों एकड़ खेत जलमग्न

- करीब 15 फुट दरार ने 50 एकड़ जमीन को चपेट में लिया
- ग्रामीणों की सूचना पर सिंचाई विभाग की टीम मशीनें लेकर मौके पर पहुंचे

फतेहाबाद में गांव धांगड़ के पास टूटी नहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नेशनल हाइवे 9 हिसार रोड स्थित गांव धांगड़ के पास मंगलवार अलसुबह अचानक फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी नहर में दरार आ गई। नहर में करीब 15 फुट दरार के कारण दर्जनों एकड़ खेत जलमग्न हो गए। नहर टूटने की सूचना मिलते ही गांव व आसपास के किसान मौके पर इकट्ठा हो गए और इस बारे सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया। इस पर सिंचाई विभाग की टीम मशीनें लेकर मौके पर पहुंचे और नहर में आई दरार को पाटने का काम शुरू किया गया। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद इस दरार को भर दिया गया।

गांव धांगड़ के किसानों ने बताया आज सुबह जब वह खेत में पहुंचे देखा कि फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी की बुर्जी नं. 75 के पास से नहर टूट गई थी। नहर से तेजी से पानी खेतों की तरफ जा रहा था। देखते ही देखते नहरी पानी ने करीब 50 एकड़ जमीन को अपनी चपेट में ले लिया। इस पर किसानों ने पहले अपने स्तर पर नहर को पाटने का काम शुरू कर दिया वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग की टीम रात को ही मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों और मशीनों की मदद से करीब 4 घंटे बाद नहर में आई दरार को भर दिया गया।

#### किसानों से दरार पाटने में किया सहयोग

सिंचाई विभाग के जेई दीपक कुमार, बेलदार सत्यवान का कहना है कि रात करीब 4 बजे उन्हें नहर टूटने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वह मशीनें लेकर मौके पर पहुंच गए थे। मंगलवार सुबह करीब 7.30 बजे तक इस दरार को पूरी ठीक कर दिया गया है। दो जेसीबी लगाकर नहर के किनारों पर मिट्टी की पूरी परत मजबूत कर दी गई है। इस दौरान दलीप गोदारा, सुधीर, छोटेराम, राधेश्याम, छेलूराम, ओम प्रकाश, पृथ्वी गोदारा, रणसिंह काजला सहित 50 से अधिक किसानों ने भी सिंचाई विभाग का सहयोग किया। बता दें कि दो दिन पहले गांव गोरखपुर में डूमा पुल के पास सिद्धमुख ब्रांच नहर भी टूट गई थी। नहर में करीब 40 फीट से ज्यादा चौड़ी दरार आ गई। इस कारण करीब 500 एकड़ से ज्यादा फसल में पानी भर गया। वहीं, कई ढाणियों के चारों ओर चार से पांच फीट जलभराव हो गया था।

### भक्तों ने दर्शन कर की सुख समृद्धि की कामना

# शरद पूर्णिमा पर बालाजी के दर्शनों को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

जिले के गांवों से हजारों लोग पहुंचे मंदिर, बालाजी महाराज के लगाए जयकारें

**सिरसा।** अश्विन मास की शरद पूर्णिमा पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्री बालाजी महाराज के दर्शनों को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिला के गांवों से बालाजी के जयकारे लगाते हुए महिला-पुरुष व बच्चे मंदिर में दर्शनों के लिए मुख्य आयोजन लालबत्ती चौक स्थित श्री सालासर धाम मंदिर में हुआ।



सिरसा। बालाजी के दर्शनों के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु।

#### पूर्णिमा महोत्सव को लेकर मंदिर को विशेष रूप से सजाया

इसके अलावा रानियां रोड स्थित हनुमान मंदिर, श्री श्याम बगीची धाम मंदिर, सर्राफों का मंदिर, खजांचियान मंदिर, अग्रसेन कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर, खैरपुर स्थित हनुमान मंदिर, प्रेमनगर स्थित हनुमान मंदिर, चतरगढ़पट्टी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर घर में सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर कमेटी की ओर से विश्व सम्राट श्री बालाजी महाराज के तीन दिवसीय पूर्णिमा महोत्सव को लेकर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। कोलकत्ता व अन्य जगहों से मंगवाए गए फूलों से मंदिर को सजाया गया था।

### सरकारी जमीन हड़पने की साजिश का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने सरकारी जमीन हड़पने की साजिश के तीसरे आरोपी गांव पंजुआना निवासी राम सिंह को गिरफ्तार किया है। चोपटा थाना प्रबंधक ने बताया कि यह मामला वर्ष 2018 का है, जब गांव बरुवाली-2 में भाखड़ा बांध विस्थापितों के लिए आरक्षित आबादी क्षेत्र के प्लाट नंबर 83 की रजिस्ट्री में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा सामने आया। जांच में खुलासा हुआ था कि मुख्य आरोपी मंजीत सिंह ने तहसील कार्यालय नाथूसरी चौपटा के कुछ कर्मचारियों के साथ मिलकर रजिस्ट्री में रकबा 16 मरले 4 सिरसाई के स्थान पर 118 कनाल 16 मरले दर्शाकर सरकारी जमीन हड़पने की कोशिश की।

### 30 सितंबर को किया था केस दर्ज

# बाइक चोरी मामले में दूसरा आरोपी काबू, हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा है। आरोपी की पहचान राजिंदर कुमार पुत्र बंशीलाल निवासी नाढोडी के रूप में की है। इससे पहले इसी मामले में नानक राय पुत्र प्रभु दयाल निवासी नाढोडी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

#### गुप्त सूचना पर कार्रवाई

शिकायत में बताया गया कि 27 सितंबर को शिकायतकर्ता ने अपनी मोटरसाइकिल घर के गेट के बाहर खड़ी की थी। शाम लगभग 7 से 8 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने गेट का ताला तोड़कर मोटरसाइकिल चोरी कर ली।इस पर थाना सदर फतेहाबाद में 30 सितम्बर को केस दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने जांच के दौरान गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी राजिंदर कुमार को काबू किया। आरोपी से पूछताछ में चोरी की वारदात में उसकी संलिप्तता की पुष्टि हुई।

# घग्गर किनारे बसे गांवों में बढ़ रहे कैंसर के मामले: सैलजा

- सांसद कुमारी सैलजा से कैंसर के बढ़ रहे मामलों पर जताई चिंता

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला जिलों के घग्गर किनारे बसे गांवों में कैंसर के बढ़ते मामले अत्यंत गंभीर चिंता का विषय हैं। सिरसा में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या को लेकर चंडीगढ़ पीजीआई की टीम द्वारा किया जा रहा सर्वे स्वागत योग्य कदम है, परंतु यह केवल प्रारंभिक प्रयास है। अब राज्य सरकार को इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कैंसर के कारणों की गहराई से जांच कर स्थायी समाधान निकालने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने मंगलवार मीडिया को जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि उनके द्वारा इस गंभीर मुद्दे को लोकसभा में भी उठाया गया।

#### उपचार की क्षमता बढ़ाना आवश्यक

सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा अब तक जो आंकड़े पेश किए जाते हैं, वे जमीनी सच्चाई से बहुत दूर हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि वह स्वतंत्र एजेंसियों और चिकित्सा विशेषज्ञ संस्थानों जैसे पीजीआई, एम्स और एनआईएचएफडब्ल्यू के साथ मिलकर एक विस्तृत महासर्वे करवाए ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। सांसद ने कहा कि कैंसर के मरीजों को इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े, इसके लिए हरियाणा में कैंसर उपचार की स्थानीय क्षमता बढ़ाना अब अत्यंत आवश्यक है। सिरसा, फतेहाबाद और हिसार जैसे जिलों में कैंसर जांच केंद्रों और उपचार सुविधाओं को तत्काल सुदृढ़ किया जाए। राज्य सरकार से यह मांग की कि प्रभावित गांवों में जल, मिट्टी और फसल के सैंपल लेकर वैज्ञानिक विश्लेषण कराया जाए ताकि कैंसर के बढ़ते मामलों के वास्तविक कारणों की पहचान की जा सके चाहे वे जल प्रदूषण, कीटनाशक रसायनों या औद्योगिक अपशिष्ट से जुड़े हों।

### फतेहाबाद पुलिस ने फिर जनता का विश्वास जीत लिया

# पुलिस ने 16 गुम हुए लाखों के मोबाइल फोन ढूंढें, असल मालिकों को लौटाए

मालिकों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस अब सिर्फ अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं, बल्कि लोगों के खोए भरोसे और संपर्क को भी तकनीक के माध्यम से वापस दिला रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में कार्यरत साइबर थाना फतेहाबाद ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए लाखों रुपये के गुम हुए मोबाइल उनके असली मालिकों को लौटाए और एक बार फिर जनता का विश्वास जीत लिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने करीब 10 लाख कीमत के 16 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। अब तक साइबर थाना की टीम 237 से अधिक मोबाइल फोन लौटा चुकी है।

#### अत्याधुनिक तकनीकों से मोबाइल किए ट्रेस

*साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने आईएमईआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर इन मोबाइलों को ट्रेस किया। प्रत्येक फोन की बरामदगी के पीछे महीनों की मेहनत, सटीक विश्लेषण और पुलिस की समर्पित कोशिशें रही हैं। कार्यक्रम में जब एसपी जैन ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे, तो माहौल भावनाओं से भर गया। किसी की आंखों में खुशी थी, तो किसी के चेहरे पर संतोष की चमक।*

#### उम्मीद छोड़ चुके लोगों को दिलाया भरोसा

*कई लोगों ने कहा कि उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन फतेहाबाद पुलिस ने उन्हें उनका फोन ही नहीं, बल्कि पुलिस पर दोबारा विश्वास करने का कारण भी दिया। फोन प्राप्त करने वाले नागरिकों में वीरेंद्र सिंह फतेहाबाद, विजय रतिया, अनुज चिंदड़, वीरेंद्रपाल संगरूर, पंजाब, वीर सिंह निवासी बीघड़, संदीप निवासी थुराना, हिसार, जीत कौर उर्फ रजनी फतेहाबाद, रामगोपाल हरनाम कॉलोनी फतेहाबाद, ओमप्रकाश शेखुपुर दड़ौली, संजय झलनिया, सुरजीत अलीका, देवीलाल रत्ताखेड़ा आदि शामिल रहे।*



सिरसा। सेमिनार के समापन पर अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

### राजकीय नेशनल कॉलेज सिरसा में कार्यक्रम

# श्री गुरु तेग बहादुर को समर्पित आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री गुरु तेग बहादुर द्वारा रचित बाणी और उनके बलिदान की वर्तमान परिवेश में मानवीय आजादी, समानता, सामाजिक न्याय व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर प्रासंगिकता को चिह्नित करते हुए राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं कवि दरबार मंगलवार को संपन्न हुआ। श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत वर्ष के उपलक्ष्य में राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा में पंजाबी साहित्य अकाडमी, लुधियाना के तत्वावधान में पंजाबी लेखक सभा, सिरसा एवं पंजाबी विभाग, सरकारी नेशनल महाविद्यालय, सिरसा के सहयोग से श्री गुरु तेग बहादुरः शब्द एवं शहादत विषय पर हुए इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार व कवि दरबार में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिनाम पंजाबी चिंतक डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर ने भिन्न धार्मिक मतैक्य वाले समुदाय के मानवीय अधिकारों की रक्षार्थ अपने समय की दमनकारी सत्ता को सीधी चुनौती देते हुए जिस भयमुक्त मानव के संकल्प का सृजन किया उसकी वैश्विक स्तर पर वर्तमान परिवेश में प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है।

#### 40 शोधार्थियों ने पंजीकरण करवाया

उद्घाटन सत्र के उपरांत आयोजित तीन सत्रों में डॉ. संदीप सिंह मुंडे, डॉ. गुरप्रीत कौर, डॉ. हरमीत कौर, डॉ. चरणदीप सिंह, डॉ. बीरबल सिंह व अमनदीप कौर ने गुरु तेग बहादुर बाणी के विभिन्न आयामों, उनकी यात्राओं, उनके विचारों-विचारधारा व उनके समकालीन शहीदों भाई मती दास, भाई सती दास, भाई दयाला जी के जीवन-वृत्तांत इत्यादि को स्पष्ट करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को विलक्षण, उदाहरणीय एवं अनुकरणीय बताया। चुनिंदा शोधपत्रों पर आधारित सत्र में 40 शोधार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया इनमें से प्रो. स्वर्णदीप सिंह, प्रो. हरविंद्र कौर, हरविंद्र सिंह व प्रो. अवतार सिंह ने संबंधित विषयों पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए।

### तीन साल पहले हुई शुरुआत, आज 200 से अधिक बच्चे ले रहे प्रशिक्षण

# रूपावास में चौधरी छोटूराम खेल अकादमी बना रही बच्चों का भविष्य

तीन बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर और दस बच्चे राज्य स्तर पर पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

खंड के गांव रूपावास गांव की चौधरी छोटूराम खेल अकादमी बच्चों के लिए खेलों में नई राह दिखा रही है। लगभग तीन साल पहले श्याम सुंदर पुनिया और सतपाल औलख ने निःशुल्क खेल प्रशिक्षण की शुरुआत की थी, जो आज 200 से अधिक बच्चों को प्रशिक्षण दे रही है। अकादमी के प्रबंधक सतपाल औलख ने बताया कि शुरुआत में केवल चार बच्चों के साथ यह मुहिम शुरू हुई थी। तब खेल मैदान, सामग्री और सहयोग की कमी ने कई मुश्किलें खड़ी कीं, लेकिन ग्रामवासियों के सहयोग और जागरूकता अभियान से यह पहल सफल हो रही है।



सिरसा। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

रूपावास, रायपुर, निर्वाण, हजीरा और लूदेसर जैसे चोपटा क्षेत्र के गांवों से बच्चे सुबह-शाम निःशुल्क प्रशिक्षण लेने आते हैं। 21 सदस्यों की निगरानी कमेटी अकादमी के कार्यों की देखरेख करती है। इस मेहनत का परिणाम है कि तीन बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर और दस बच्चे राज्य स्तर पर पदक जीत चुके हैं।

#### वॉलीबॉल ग्राउंड बनवाया

लूदेसर के शमशेर साहू और संजय सहारण ने बताया कि उनके बच्चों को खेलों में रुचि थी, लेकिन प्रशिक्षण की कमी थी। अकादमी ने उनके बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। रूपावास के सरपंच उदयपाल ढिल्लो ने बताया कि बच्चों की रुचि देखकर पंचायत ने खेल नर्सरी के लिए आवेदन किया और एक बड़ा वॉलीबॉल ग्राउंड तैयार करवाया। पंचायत समिति अध्यक्ष सूरजभान बुमरा ने कहा कि बच्चों को किसी भी सुविधा की कमी नहीं होने दी जाएगी, ताकि वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

### तेरापंथ भवन में मनाया अनुशासन दिवस

# भीतरी नियंत्रण से जागृत करना होगा आत्मानुशासन : साध्वी

- अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अंतिम दिन आयोजन

**सिरसा।** अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अंतिम दिन मंगलवार को तेरापंथ भवन में साध्वी संयमप्रभा के सान्निध्य में अनुशासन दिवस मनाया गया। आचार्य महाश्रमण ने संयम, तपस्या व अहिंसा द्वारा स्वयं पर अपनी आत्मा को अनुशासित करने का संदेश दिया है जिस पर उनके 850 शिष्यों ने पूरी तरह से अमल किया है। आचार्य तुलसी ने भी कहा था कि निज पर शासन फिर अनुशासन। साध्वी शशिकला ने बताया कि पहले अपनी इंद्रियों, मन, वाणी, काया व आत्मा को अनुशासित करके अपना आत्मानुशासन जागृत करें। साध्वी संयमप्रभा ने कहा कि परानुशासन की उपयोगिता तब तक है जब तक इंसान का आत्मानुशासन जागृत नहीं होता। उन्होंने कहा कि इंसान को अभय बनकर संयम तप द्वारा अपने आत्मानुशासन को जागृत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भीतरी नियंत्रण से आत्मानुशासन जागृत करना होगा तभी समाज व राष्ट्र अनुशासित हो सकेगा। समिति अध्यक्ष चंपालाल जैन ने अंत में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह को सफल बनाने के लिए साध्वीश्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

**अभियान** नशा मुक्ति टीम गांव-गांव जाकर नशे के शिकार लोगों का उपचार कर रही

# गांवों में जाकर नशे के पीड़ितों की काउंसलिंग दवा वितरण और लोगों को कर रहे जागरुक

नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार व समाज की खुशहाली को करता नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिलेभर में नशा मुक्त समाज की दिशा में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसआई सुंदर के कुशल नेतृत्व में कार्यरत नशा मुक्ति टीम ने गांव-गांव जाकर नशे के शिकार लोगों की पहचान, काउंसलिंग व उपचार संबंधी कार्यवाही करते हुए एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। टीम ने गांव धागड़ के 5 नव-चिन्हित, गांव महमदकी के 3 तथा गांव लल्लूवाल के एक पूर्व-चिन्हित ड्रग पीड़ितों सहित कुल 9 पीड़ितों के डोजियर भरे और उनकी विस्तृत काउंसलिंग की गई। पीड़ितों को समझाया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बल्कि परिवार और समाज की खुशहाली को भी नष्ट करता है। काउंसलिंग उपरांत सभी पीड़ितों को आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक औषधियां उपलब्ध कराई गईं।



फतेहाबाद। विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक करते एसआई सुंदर।

#### विद्यार्थियों को किया प्रेरित

नशा मुक्ति टीम ने बताया कि अभियान के तहत केवल उपचार ही नहीं, बल्कि जागरूकता और रोकथाम पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में अकाल एकेडमी, सालमखेड़ा में एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, मानसिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव, तथा इससे बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें और समाज में नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो का संदेश फैलाएं।

#### समाज को नशामुक्त बनाना उद्देश्य

एसआई सुंदर ने बताया कि पुलिस विभाग का यह अभियान केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को इस समस्या से मुक्त कराना है। उन्होंने कहा कि नशे की लत एक बीमारी है, जिसे दंड की बजाय उपचार और सहयोग से खत्म किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस समाज के हर व्यक्ति को नशे से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नशा मुक्ति टीम के साथ सहयोग करें और अपने आसपास ऐसे लोगों की सूचना पुलिस को दें जो नशे की चपेट में हैं ताकि उन्हें सही उपचार और मार्गदर्शन मिल सके। इस मुहिम का उद्देश्य नशे के खिलाफ सामूहिक जागरूकता पैदा करना और समाज को स्वस्थ, सुरक्षित व नशामुक्त बनाना है।

## खबर संक्षेप

### इग्नू में नए दाखिले की अंतिम तिथि अब 15 को

**सिरसा।** इग्नू स्टडी सेंटर 1085 राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया जुलाई 2025 में दाखिले की तिथि बढ़ाते हुए 15 अक्तूबर तक की है। जो छात्र छात्राएं इग्नू विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर में पढ़ाई करना चाहते हैं और जो नियमित दाखिले से वंचित रह गए थे, वे अब बिना देरी के इग्नो स्टडी सेंटर राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा कोड नंबर 1085 में स्नातक व स्नातकोतर में जुलाई 2025 सत्र के लिए प्रवेश ले सकते हैं।

### विश्वकर्मा एजुकेशन ट्रस्ट का समारोह 12 को

**सिरसा।** श्री विश्वकर्मा एजुकेशन ट्रस्ट की जनरल बॉडी की बैठक श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में हुई। सचिव रमेश सुथार ने बताया कि सभा में अन्य विषयों के अलावा वर्ष 2025-2026 की छात्रवृत्ति वितरण के लिए प्राप्त 47 आवेदनों पर विचार-विमर्श उपरांत उनका अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि 25वां छात्रवृत्ति एवं प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह आगामी 12 अक्तूबर करे श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

### नाबालिग को धमकाने वाला युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाबालिग लड़की को फोन पर धमकाने और परेशान करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंजीत पुत्र हरदीप सिंह निवासी रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि थाना में पीड़िता की मां द्वारा एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत में बताया गया कि उसकी नाबालिग बेटी को आरोपी मंजीत सिंह द्वारा मोबाइल फोन पर बार-बार कॉल कर परेशान किया जा रहा था।

### समाजसेवी कर्म नारायण नारंग पंचतत्व में विलीन

**फतेहाबाद।** पंचनद स्मारक ट्रस्ट के पूर्व जिला प्रधान एवं पंचनद सेवा ट्रस्ट के प्रोजेक्ट चेयरमैन राधा कृष्ण नारंग के पिता कर्म नारायण जी नारंग निवासी भोडियाखेड़ा अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर स्वर्ग सिधार गए। भोडियाखेड़ा शिवपुरी में उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में रतिया के पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, द्वारका प्रसाद, एमएम कॉलेज के प्रधान राजीव बतरा, चेयरमैन नरेश तनेजा टीटू, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भीम लाम्बा, पंचनद सेवा ट्रस्ट के प्रधान किशोरीलाल नारंग सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### प्रकाशोत्सव पर स्वास्थ्य जांच कैंप शिविर लगेगा

**रतिया।** चौथे पातशाह श्री गुरु रामदास महाराज जी के प्रकाशोत्सव मौके शहर के पुराना बाजार स्थित गुरूद्वारा साहिब में श्री गुरु रामदास जी सेवा सोसायटी द्वारा 8 अक्टूबर को स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। सोसाइटी सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया श्री गुरु रामदास महाराज जी के प्रकाशोत्सव मौके गुरूद्वारा साहिब में निःशुल्क जांच होगी।

## टोहाना में जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह

# महापुरुषों के जीवन से मिलते हैं प्रेरणादायी विचार और संस्कार

**पूर्व विधायक दुड़ाराम व बीजेपी जिलाध्यक्ष जोड़ा ने आदिकवि को किया नमन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

संत महापुरूषों के जीवन से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मर्यादा का ज्ञान होता है। इस प्रकार के आयोजन हमारी भावी पीढ़ी को नई दिशा देने में अह्म भूमिका निभाते हैं। यह बात पूर्व विधायक दुड़ाराम व बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत मंगलवार को डीपीआरसी हॉल में जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कही। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को महर्षि वाल्मीकि जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महापुरूषों के जीवन से हमें प्रेरणादायी विचार मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा संत महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस योजना के शुरू होने से महान संतों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। अगर हम समाज के महापुरूषों को याद नहीं करेंगे तो हमारी सभ्यता के महत्वपूर्ण पहलु इतिहास के पहनों में सिमट कर रह जाएंगे। इसलिए हमें उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करने की जरूरत है।

**भगवान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा**

इस मौके पर प्रो. वीरेंद्र अटवाल ने वर्तमान समय में महर्षि वाल्मीकि प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान दिया। जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से लाभ उठाने की अपील की। समारोह में मुख्य अतिथियों ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में जिला सूचना व जनसंपर्क विभाग के लोक कलाकार अजय व अशोक ने भजन गायन द्वारा महर्षि वाल्मीकी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खिचड़, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विनित जैन, नप ईओ राजेंद्र सोनी, मार्किट कमेटी चेयरमैन जगदीश जाखड़, नगर परिषद उपाध्यक्ष सविता टुटेजा, अनिल सिहाग व अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम में मुख्यातिथियों को सम्मानित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### रामायण जैसा महाग्रंथ रचा

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि आर्यव्रत देश के आदि कवि माने जाते हैं। हजारों साल पहले उन्होंने संस्कृत भाषा में रामायण को सबसे पहले लिखा, जिसका आज भी श्रद्धाभाव से मनन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमें जीवन में महानविभूतियों के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरणा देते हैं। रामायण की रचना कर महर्षि वाल्मीकि ने सीता के पतिवर्ता, धर्म, भगवान राम के मर्यादित आचरण, लक्ष्मण की सेवा आदि गुणों का सुंदर व्याख्यान किया है। भगवान वाल्मीकि ने रामायण लिखकर जीवन को जीना सिखाया हैं। आज सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ गरीब से गरीब व्यक्तियों के घर तक पहुंचाया जा रहा है जोकि एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों से आने वाली पीढ़ी को महापुरुषों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने लोगों से महर्षि वाल्मीकि के दिखाए ज्ञान और त्याग के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।


**रतिया।** गुरुघर में माथा टेकते मुख्य अतिथि नवशीन दुग्गल।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर बाबा जीवन सिंह गुरुघर में किया नमन

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| रतिया

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर बाबा जीवन सिंह गुरुघर में मंगलवार को उपमंडल स्तर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समारोह में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सांसद के सुपुत्र नवशीन दुग्गल ने मुख्यतिथि और रतिया एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि नवशीन दुग्गल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जयंती शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि के विचार एवं आदर्श हमें समतामूलक समाज की स्थापना की प्रेरणा देते रहेंगे। हम सभी को महर्षि वाल्मीकि के महान दृष्टिकोण एवं उनके द्वारा दी गई शिक्षा को अपने व्यवहार में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। यही उनके प्रति हमारा सम्मान तथा सच्ची श्रद्धा होगी। नवशीन दुग्गल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन व रचनाएं सदैव सत्य, प्रेम, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने को प्रेरित करती हैं। महापुरुषों की जयंतियां मनाने से हमें, विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी को उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जानने व समझने का मौका मिलता है। इससे हमारे युवाओं को इन महापुरुषों के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने की सदैव प्रेरणा मिलती है। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने पवित्र रामायण की रचना कर मानव जाति को संदेश दिया है।

### ये रहे मौजूद

समारोह में शहरी मण्डल अध्यक्ष अंकित सिंगला, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लखविंदर सिंह, मार्केट कमेटी प्रधान धर्मपाल शर्मा, ग्रिवेंस कमेटी मेंबर सुनील इंदौरा, नपा चेयरमैन प्रतिनिधि कालु खन्ना, बाबा जीवन सिंह गुरुद्वारा कमेटी प्रधान सोनी सिंह, विनोद जग्गा, जसवीर ठेकेदार, रिंकी मोंगा, पार्षद हैप्पी सिंह, सुखा सिंह, कालु सिंह, काका सिंह, गुरप्रीत सिंह, महेंद्र कौर, जीतो कौर, अजय सिंह सहित अधिकारी, गुरुघर कमेटी सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


सिरसा। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलते हुए हर वर्ग का उत्थान कर रही सरकारः विधायक भ्याना

**सिरसा।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर हमें भेदभाव खत्म करने, सच्चाई और करूणा के रास्ते पर चलते हुए सबको समान अवसर मिले, इसी सोच को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। यह वक्तव्य हांसी के विधायक विनोद भ्याना ने सिरसा के पंचायत भवन में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। भ्याना ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2014 के बाद से महापुरुषों और संतों की जयंती मनानी शुरू की है, इसका उद्देश्य संत महापुरुषों का सम्मान करना व उनकी शिक्षाओं और उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर आमजन को चलने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि महापुरुष किसी एक वर्ग के नहीं बल्कि पूरी दुनिया के होते हैं। भगवान श्री वाल्मीकि ने रामायण में दर्शाया कि भाई-भाई के लिए कितनी बड़ी कुर्बानी दे सकता है, जिसमें त्याग और धर्म की सीख भी मिलती है। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार महापुरुषों द्वारा दिखाए गए रास्ते से प्रेरणा लेकर हर जरूरतमंद परिवार को ऊपर उठाने के लिए काम कर रही है। इसी दृष्टिगत अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। महापुरुषों की शिक्षा को अपनाते हुए हर घर में स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, अंत्योदय परिवार और हर जरूरतमंद को मकान उपलब्ध करवाने की योजनाओं पर काम हुआ है।


**भूना।** महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करते हुए अतिथिगण।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर हवन, शोभायात्रा व भंडारे का आयोजन

**भूना।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को फतेहाबाद रोड स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर हवन यज्ञ, रामायण पाठ, पूजा-अर्चना के साथ दिनभर भंडारे का आयोजन हुआ। वाल्मीकि समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका के पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि मेवा सिंह वाल्मीकि ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने बतौर अतिथि भंडारे का शुभारंभ भी किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-पाठ में भाग लिया। वाल्मीकि समाज के युवाओं ने शोभायात्रा के आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। यात्रा में झांकियों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि के जीवन व रामायण के प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने खूब सराहा।

## जलघर को निजी हाथों में सौंपने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

**यूनियन का ऐलान, 15 को विरोध प्रदर्शन करेंगे**

हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच द्वारा मंडल फतेहाबाद के मुख्य जलघर प्रांगण में यूनियन का 59वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान व राज्य उपाध्यक्ष धर्मपाल दरियापुर ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव राणा पंवार ने किया। मीटिंग में आंदोलन को लेकर प्रस्ताव पास किया गया। इस अवसर पर भगवान वाल्मीकि जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने कहा कि फतेहाबाद में 12 साल से बना मुख्य जलघर यानि डब्ल्यूटीपी की क्षमता को 12 एमएलडी से बढ़ाकर 35 एमएलडी कर दिया गया है। इसके रखरखाव और सुचारू रूप से चलाने के लिए अढ़ाई करोड़ का ठेका निजी हाथों में देने के लिए टेंडर लगाया गया है जोकि 15 अक्टूबर को खुलना है। हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन अधिकारियों के इस फैसले का कड़ा विरोध करती है और इसके विरोध में 15 अक्टूबर को यूनियन द्वारा कार्यकारी अभियंता कार्यालय के सामने गेट मीटिंग कर नारेबाजी की जाएगी।


**फतेहाबाद।** कार्यक्रम में भाग लेते हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन के सदस्य।

### कर्मचारी नेता रहे मौजूद

इस अवसर पर चेयरमैन ईश्वर बागड़ी, महाबीर सिंह कोषाध्यक्ष, संजय सह कोषाध्यक्ष, बलजिन्द्र सिंह वरिष्ठ उपप्रधान, संत कुमार उपप्रधान, जोगिन्द्र सलाहाकार, सुभाष, संजय, राधेश्याम, जयविन्द्र, प्रवीण, रामनिवास सहित अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया।

## श्री रामचरितमानस के पाठ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कार्तिक मास के उपलक्ष्य में आज श्री रघुनाथ मंदिर में श्रीरामचरित मानास पाठ का शुभारंभ हुआ, जिसमें सैंकड़ों साधक शामिल हुए। यह जानकारी देते हुए प्रधान टेकचन्द मिढ्ढा ने बताया कि प्रति वर्ष श्रीराम चरित मानस का संगीतमय पाठ रखा जाता है। उन्होंने बताया कि श्रीरामचरित मानस का पाठ के दौरान पुजारी राकेश शर्मा पूरे कार्तिक मास के दौरान संगीतमय पाठ करेंगे। इस पाठ का समय सुबह 6 बजे रखा गया है। उन्होंने बताया कि गत दिवस शरद् पूर्णिमा के मौके पर मंदिर में खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया।


फतेहाबाद। श्रीरामचरितमानस पाठ करते श्रद्धालु।

### सुनील आहूजा सहित ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुनील आहूजा एडवोकेट, हंसराज ग्रोवर, भीमसेन नारंग, चंद्रभान नागपाल, वेद प्रकाश नारंग, हंसराज रेल्हन, किट्टू बजाज, दीवान चंद नागपाल, उमंग सरदाना, बंटी निझारा, आशू गिल्होत्रा, विनोद तेहरिया, मोहित बजाज, जितेन्द्र सरदाना, सुशील रेल्हन, भरत बजाज, सुशील मखीजा, लव शर्मा, वेदप्रकाश मैहता, ललित मैहता, नरेश निझारा, महेश तेहरिया, बहन आत्मा देवी सहित सैंकड़ो साधक व भक्तगण मौजूद थे।

## भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकना न्यायपालिका का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|. फतेहाबाद

- दलित अधिकार मंच हरियाणा ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकना की घटना की दलित अधिकार मंच ने कड़े शब्दों में निन्दा की है। दलित अधिकार मंच हरियाणा के संयोजक रामकुमार बहबलपुरिया ने कहा कि यह घटना मनुवादी नफरतकारी विचारों की घटिया मानसिकता का परिणाम है। मनुवादी नफरतकारी विचारों को फैलाने वाले दलित विरोधी व संविधान विरोधी है। उन्हीं नफरतकारी विचारों से प्रभावित होकर उक्त वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश पर हमला करके अपनी दलित विरोधी, संविधान विरोधी, न्याय पालिका विरोधी मंशा को उजागर किया है। दलित अधिकार मंच हरियाणा भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा करता है और मांग करता है कि संबंधित वकील, जो सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में पंजीकृत है और जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है, के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।

## वाल्मीकि रामायण पर ऑनलाइन व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|. सिरसा

**चौधरी देवीलाल विवि ने किया आयोजन**

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास शोध पीठ के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन व्याख्यान हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. जयपाल शास्त्री थे। इस व्याख्यान का उद्देश्य महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण के माध्यम से भारतीय संस्कृति, नैतिकता, कर्तव्यबोध और आदर्श जीवन शैली जैसे मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था। मुख्य वक्ता ने कहा कि रामायण मात्र एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक उत्तम कला है, जिसमें श्रीराम के आदर्श चरित्र के माध्यम से नैतिक आचरण, सहनशीलता, सत्यनिष्ठा एवं आत्मबल जैसे जीवन मूल्यों का संदेश समाहित है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा से जोडऩे के साथ-साथ उन्हें नैतिकता और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक प्रेरणास्रोत होते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुनील आहूजा एडवोकेट, हंसराज ग्रोवर, भीमसेन नारंग, चंद्रभान नागपाल, वेद प्रकाश नारंग, हंसराज रेल्हन, किट्टू बजाज, दीवान चंद नागपाल, उमंग सरदाना, बंटी निझारा, आशू गिल्होत्रा, विनोद तेहरिया, मोहित बजाज, जितेन्द्र सरदाना, सुशील रेल्हन, भरत बजाज, सुशील मखीजा, लव शर्मा, वेदप्रकाश मैहता, ललित मैहता, नरेश निझारा, महेश तेहरिया, बहन आत्मा देवी सहित सैंकड़ो साधक व भक्तगण मौजूद थे।

## संत शिरोमणी नामदेव जयंती में प्रदेश भर से समाजबंधु हिस्सा लेंगे : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|. फतेहाबाद

- 26 अक्टूबर को नामदेव जयंती हिसार में मनाई जाएगी

संत शिरोमणी नामदेव महाराज की जयंती 26 अक्टूबर रविवार को गुरु जम्भेश्वर विश्विद्यालय हिसार के ऑडोटोरियम में मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। कार्यक्रम में रणबीर गंगवा मंत्री कैबिनेट मंत्री व अन्य मंत्रीगण भी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतबीर वर्मा, पूर्व चेयरमैन पिछड़ा वर्ग हरियाणा सरकार करेंगे। यह जानकारी देते हुए संत शिरोमणी नामदेव सभा फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष राम अवतार कश्यप ने बताया कि 26 अक्टूबर को नामदेव जयंती हिसार में धूमधाम से मनाई जा रही है। जयंती में प्रदेश भर से समाज बंधु इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। फतेहाबाद जिले में भी इस कार्यक्रम की जोर शोर से तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस प्रकार से संतो की जयंती को मनाना इस सहरानीय कदम है। इस प्रकार के कार्यक्रमों समाज को प्रेरित करते है।

### विश्वविद्यालय की टॉप-10 की सूची में मुख्त्यार सिंह कॉलेज बहबलपुर ने पाया प्रथम स्थान

**फतेहाबाद।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा मई 2025 में आयोजित बीएससी लाइफ साइंस द्वितीय सेमेस्टर, बीएससी फिजिकल साइंस, बीए व एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी बीएससी लाइफ साइंस द्वितीय सेमेस्टर की टॉप-10 की सूचि में मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पी. जी. कॉलेज बहबलपुर की गुरलीन ने 548 अंक लेकर प्रथम स्थान, निशा देवी ने 536 अंक लेकर द्वितीय स्थान, विपिन ने 482 अंक लेकर पांचवा स्थान तथा किरण बाला ने 464 अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया। बीएससी फिजिकल साइंस द्वितीय सेमेस्टर में नवनीत कौर ने 518 अंक लेकर विश्वविद्यालय की टॉप-10 द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय पर्यावरण प्रदर्शनी में विद्यार्थी छाए

# सिमरन का मॉडल सर्वश्रेष्ठ, अनामिका रही द्वितीय

**पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन, शिक्षकों ने बच्चों को सराहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन हुआ। इसमें जिले के छह खंडों फतेहाबाद ,भट्टू ,जाखल, भुना, टोहाना और रतिया से विजेता विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी मॉडलों के साथ हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को उजागर करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता भी फैलाई। विद्यार्थियों ने नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक के विकल्प बायोप्लास्टिक और जैव विविधता संरक्षण जैसे समसामयिक विषयों पर अपने मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों को शिक्षकों और अन्य विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक देखा और बच्चों की वैज्ञानिक समझ व रचनात्मकता की सराहना की। पूरे परिसर में वैज्ञानिक जिज्ञासा और सीखने का उत्साह देखने को मिला। प्रदर्शनी को सफल बनाने में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक फतेहाबाद के प्राचार्य कृष्ण कुमार ने सराहनीय भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद की छात्रा सिमरन प्रथम स्थान पर रही और 12 हजार का नकद पुरस्कार जीता। इसके अलावा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिजऱावां खुर्द की छात्रा अनामिका द्वितीय रही और 10 हजार की पुरस्कार राशि जीती। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनमंदोरी की छात्रा नैन्सी ने तृतीय स्थान पाया।


**फतेहाबाद।** प्रदर्शनी का अवलोकन करती निर्णायक मंडल की टीम।

### बच्चों को 'नौवैज्ञानिक' बताकर बढ़ाया हौसला

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बच्चो को 'नौवैज्ञानिक' से संबोधित किया और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जिला विज्ञान विशेषज्ञ मुकेश कुमार के प्रयासों से जिले में विज्ञान का प्रसार लगातार हो रहा है। उनके प्रयासों की बदौलत जिले के विद्यार्थियों की टीमों ने प्रदेश का नेतृत्व भी किया है जोकि विभाग के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर आयोजन टीम में सुनील कुमार, अंकित शर्मा, दीपक धमीजा और टीम का सराहनीय योगदान रहा।